**नैनीताल रोड पर खुला है अस्पताल, मानक पूर्ण नहीं:** बिलासपुर के नैनीताल, रामपुर रोड और नगर की घनी बस्ती के बीचों बीच पर खुले नर्सिंग होम स्वास्थ्य विभाग में पंजीकृत है, लेकिन 15-20 बेड इन दो अस्पतालों में फायर सुरक्षा का इंतजाम नहीं है। चौड़ी सीढ़ियां, दो - रास्ते, बालू व पानी का इंतजाम नहीं है। फिर भी इन्हें फायर एनओसी आंखें बंद करके दे दी गई हैं। हर साल संचालक विभाग से नवीनीकरण कराने में भी सफल रहे।

मरीजों को उपचार मिले और उनकी जान बच सके इसके लिए जिले में 53 नर्सिंग होम अधिकृत रूप से संचालित हैं, बावजूद यहां मानक और नियमों की अनदेखी बड़े पैमाने पर है। उत्तर प्रदेश के एक निजी हास्पिटल में आग लगने से आठ लोगों की मौत हुई है, लेकिन यहां दो प्रतिष्ठित निजी अस्पतालों को छोड़ दिया जाए तो किसी भी नर्सिंग होम में आग से सुरक्षा का इंतजाम नहीं हैं, यह बात अलग है कि दस्तावेजी रूप से सभी के पास फायर एनओसी निजी अस्पतालों में अग्निशमन यंत्र, पानी व रेत के इंतजाम नहीं है, अंधेर तो यह है कि ऐसे नर्सिंग होम को भी परमिट दिया गया है जिनके पास दो रास्ते तक नहीं हैं। अगर यहां कोई अनहोनी हो जाए तो मरीज तो छोड़िये कर्मचारी स्वयं अपना बचाव नहीं कर पाएंगे। जबकि हर नर्सिंग होम का पंजीकरण कराने से पहले यह मानक पूर्ण करने होते हैं, साल में एक बार फायर एनओसी भी प्राप्त करनी होती है। कागज में यह मानक पूरे होते रहते हैं, लेकिन असल में इन अस्पतालों में सुरक्षा के साथ छलावा किया जा रहा है।

**बिना पंजीयन वाले नर्सिंग होम की भरमार:** जिले में बिना पंजीयन के भी भारी मात्रा में नर्सिंग होम संचालित है, इन नर्सिंग का स्वास्थ्य विभाग में न तो पंजीयन है और न ही किसी प्रकार की फायर एनओसी। यह छोटे-छोटे इलाकों में चार से पांच बेड के अस्पताल के रूप में संचालित है। संचालक स्वयं भले ही स्वास्थ्य के बारे में कुछ नहीं जानते हैं लेकिन आनकाल डाक्टर बुलाकर यहां पर सेवाएं देने का दावा करते हैं। विभाग ने कोई अभियान इन्हें बंद कराने के लिए नहीं चलाया है।

**PALCO**

Free consultancy and set up for old / new nursing home, medical center / hospitals, R&D LAB, educational science lab school, all industries lab with trunkey projects in pan India.

Contact : Mr. R.P. PAL / NEERAJ PAL
Call : 9891177191 / 8377951686
1802, FF, Electrical Market, Bhagirath Palace, Chandni Chowk, Delhi 110006

## इंजेक्शन कॉम्बो मेरोपेनेम 1 मिलीग्राम और ईडीटीए का निर्माण-बिक्री अवैध

**नई दिल्ली।** इंजेक्शन कॉम्बो मेरोपेनेम 1 मिलीग्राम और ईडीटीए का निर्माण तथा बिक्री अवैध है। इसे केंद्रीय नियामक प्राधिकरण की मंजूरी नहीं मिली है। सीडीएससीओ की मंजूरी के बिना इस दवा का उत्पादन और बिक्री नियमों के खिलाफ है। इस बारे में औषधि महानियंत्रक (भारत) (डीसीजीआई) ने सभी राज्य दवा नियामकों को सूचित कर दिया है। दवा नियामक ने कहा कि उसके संज्ञान में आया है कि कुछ फार्मा इस कॉम्बो का निर्माण और बिक्री कर रहे हैं। डीसीजीआई डॉ. राजीव सिंह रघुवंशी ने एक नोटिस में कहा कि कोई भी नई दवा तब तक बिक्री के लिए निर्मित नहीं की जाएगी जब तक कि इसे लाइसेंसिंग प्राधिकरण से मंजूरी प्रदान नहीं की जाती है।




## AUTHORIZED DISTRIBUTORS OF ADR BOOK

| Location | Party Name | Contact No. |
|---|---|---|
| Agra | Satish Book Enterprises | 9997877123 |
| Ahmedabad | Bharat Medical Book House | 9824013920 |
| Akola | Book Emporium | 9422861751 |
| Aligarh | Rama Book Store | 9319275252 |
| Allahabad | Chetana Medical Books | 9307978423 |
| Amritsar | City Book Shop | 0183-2571591 |
| Amritsar | Medical Books & Surgicals Centre | 0183-2422729 |
| Aurangabad | Arihant Excel Medical Book House | 9822259681 |
| Aurangabad | Shri Samarth Book Depot | 9822034577 |
| Belgaun | Shri Ganesh Book Stall | 8312461258 |
| Berhampur | Book World | 9861015189 |
| Bhagalpur | Kora Kagaz | 9771511779 |
| Bhopal | Lyall Book Depot | 0755-2543624 |
| Bhubaneswar | Annapurna Medical Book Shop | 9861243882 |
| Bikaner | Academy Book Centre | 9414138998 |
| Burla | Bharat Book Emporium | 9337335744 |
| Calicut | Ramdas Sotes & Books | 0495-2358398 |
| Chennai | Chennai Medical Book Centre | 044-66246369 |
| Chennai | Shah Medical Books | 9444829937 |
| Coimbatore | Arasu Medical Book House | 9444308567 |
| Coimbatore | Balaji Medical Books | 0422-6725292 |
| Coimbatore | Dass Medical Book Shop | 9443958620 |
| Cuttack | Scientific Book Depot | 9437020414 |
| Delhi | Mirza Book Depot | 9958723206 |
| Delhi | Pawan Book Service | 9810202316 |
| Delhi | R.S.Book Store | 9810546759 |
| Delhi | Sagar Book Depot | 9811680722 |
| Delhi | University Book Store | 9818357577 |
| Dhulea | Koshal Book Shop | 9423916592 |
| Gorakhpur | Medical Book Centre | 9450884543 |
| Gwalior | Anand Pustak Sadan | 9425114555 |
| Indore | New Jain Book Stall | 9926636333 |
| Indore | Scientific Literature Company | 9826299744 |
| Jabalpur | Lords Book Sellers | 9425155125 |
| Jabalpur | Akash Pustak Sadan | 9826563047 |
| Jaipur | Kumar Medical Book Store | 9829610430 |
| Jammu | Bhartiya Pustakalaya | 9796636000 |
| Jammu | Narend Book Depot | 9419114398 |
| Jamnagar | Jay Medical Book Centre | 9925236982 |
| Jodhpur | Book World | 9829088088 |
| Jorhat | Naveen Pustakalaya | 9435514204 |
| Kolhapur | Ajab Pustakalaya | 9881424434 |
| Kolkata | Raj Book House | 9432550891 |
| Kota | R.K.Stationers | 9829087574 |
| Koti Hyderabad | Osmani Medical Book House | 040-64644253 |
| Koti Hyderabad | Paras Medical Books Pvt Ltd. | 040-24600869 |
| Koti Hyderabad | Sharp Medical Book Centre | 040-65544303 |
| Lucknow | Aditya Medical Books Pvt Ltd. | 0522-2611724 |
| Lucknow | Arora Book Agencies | 0522-4046778 |
| Ludhiana | Verma Book Depot | 9872202530 |
| Madurai | Medical Books & International | 9344101063 |
| Meerut | City Book Centre | 0121-4056292 |
| Meerut | Menakshi Prakashan | 0121-2645498 |
| Meerut | R LAL Book Depot | 0121-2666235 |
| Mumbai | The National Book Depot | 022-24131362 |
| Mumbai | Vikas Medical Book House Pvt Ltd. | 022-23010441 |
| Mumbai | Bhalani Medical Book House | 022-24171660 |
| Nagpur | New Medical Book Shop | 9822225591 |
| Nagpur | Book Source | 9850943011 |
| Patna | Current Book Service | 9431077745 |
| Pune | J D Granth Bhandar | 020-24492832 |
| Raipur | S.K.Medical Book House | 9329637397 |
| Raipur | Sristhi Book Stationery Mart | 9300855027 |
| Rajkot | Jay Books Medical Book | 9925236984 |
| Ranchi | Student Book Depot | 0651-2221907 |
| Saharanpur | Hans Pustak Bhandar | 9457449388 |
| Sangli | Tanavade & Sons | 9823049499 |
| Sri Nagar | Doctors Dotkom | 9086454647 |
| Tirupati | Shri Venketswar Book Depot | 9885479105 |
| Trivandram | Professional Book House | 9495951506 |
| Varanasi | Atithi Medical Books | 9307978423 |
| Varanasi | Current Book Agency | 9335015235 |
| Visakhapatnam | Andhra Medical Book Centre | 9985716032 |
| Visakhapatnam | World Medical Book Centre | 9849022192 |

## पुणे अस्पताल ने जोड़ प्रतिस्थापन सर्जरी के लिए उन्नत रोबोटिक तकनीक पेश की

**नई दिल्ली:** पिछले पांच सालों में भारत में जोड़ प्रतिस्थापन सर्जरी की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। देश भर के सर्जनों ने देखा है कि हर साल 2.5 लाख से ज्यादा मरीज घुटने के प्रतिस्थापन की सर्जरी करवाते हैं और हाल के सालों में यह संख्या कई गुना बढ़ गई है। हालांकि, भारत में नई और ज्यादा उन्नत तकनीक की शुरुआत के साथ, कुल घुटने के प्रतिस्थापन वाले लोग सर्जरी के छह घंटे बाद ही चलना शुरू कर सकते हैं। आर्थोपेडिक उपचार में विकास और रोबोट-सहायता प्राप्त आर्थोपेडिक सर्जरी की शुरुआत ने घुटने के प्रतिस्थापन से जुड़े जोखिमों को कम कर दिया है।

रोबोटिक सहायता प्राप्त सर्जरी उन्नत चिकित्सा प्रक्रियाएं हैं जो सर्जन द्वारा निर्देशित रोबोटिक उपकरणों का उपयोग करके की जाती हैं। ये प्रक्रियाएं सर्जनों को सटीक उपकरणों और उन्नत प्रणालियों के साथ जटिल सर्जरी करने में मदद करती हैं, जिससे कम रक्तस्राव होता है और रिकवरी का समय कम होता है। लोगों को उन्नत उपचार प्रदान करने की दिशा में एक कदम आगे बढ़ाते हुए, खराडी में मणिपाल अस्पताल ने हाल ही में उन्नत आर्थोपेडिक सर्जरी के लिए एक अत्याधुनिक रोबोटिक तकनीक पेश की है। इस तकनीक का उद्देश्य रोबोटिक सहायता प्राप्त सर्जरी के साथ घुटने के प्रतिस्थापन और जोड़ों के उपचार में सुधार करना है। अनुभवी भारतीय क्रिकेटर श्री कपिल देव ने अस्पताल में नई रोबोटिक तकनीक का अनावरण किया और स्वास्थ्य सेवा में उन्नति के महत्व पर जोर दिया।

पांच सालों में भारत में जोड़ प्रतिस्थापन सर्जरी की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। प्रौद्योगिकी में प्रगति और आर्थोपेडिक उपचार के लिए रोबोटिक सर्जरी के महत्व पर बोलते हुए, डॉ. सिनुकुमार भास्करन, वयस्क संयुक्त प्रतिस्थापन और पुनर्निर्माण और रोबोटिक आर्थ्रोप्लास्टी (हिप और घुटने), मणिपाल अस्पताल, खराडी, पुणे ने कहा, रोबोट-सहायता प्राप्त सर्जरी न केवल जटिल सर्जरी करने वाले डॉक्टरों के लिए फायदेमंद है, बल्कि तेजी से ठीक होने और कम दर्द की पेशकश करके सर्जरी के बाद जीवन की गुणवत्ता में सुधार करके रोगी के लिए भी फायदेमंद है। नई प्रणाली व्यक्तिगत 3 डी सीटी स्कैन की अनुमति देती है, जो अधिक सटीक प्रत्यारोपण सर्जरी और संक्रमण के कम जोखिम के लिए वास्तविक समय में हड्डी की गति की निगरानी के साथ उप-मिलीमीटर सटीकता और बढ़ी हुई सुरक्षा प्रदान करती है। 98 प्रतिशत की सफलता दर के साथ, यह सावधानीपूर्वक परिशुद्धता लंबे समय तक चलने वाले संयुक्त प्रतिस्थापन में परिणाम देती है। पिछले पांच सालों में भारत में जोड़ प्रतिस्थापन सर्जरी की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

## स्वप्न शास्त्र


डॉ॰ सुरेन्द्र कुमार शर्मा

### रोते हुए देखना


शारीरिक कष्टों से मुक्ति प्राप्त होगी तथा स्वास्थ्य में सुधार होगा। मानसिक उलझनों की समाप्ति होगी तथा तनाव से मुक्ति होगी। सरकारी नौकरी प्राप्त होगी तथा रुके हुए कार्य पुनः प्रारम्भ होंगें। किसी प्रियजन से भेंट होगी तथा मानसिक सुख की प्राप्ति होगी। बिगड़े हुए कार्य पुनः प्रारम्भ होंगे। वृद्ध व्यक्तियों के स्वास्थ्य में सुधार होगा तथा आय में वृद्धि होगी। जोड़ों के दर्द से मुक्ति प्राप्त होगी तथा स्वास्थ्य लाभ होगा। किसी बाहरी व्यक्ति के सहयोग से घरेलू कार्य में सहयोग प्राप्त होगा। लोहे तथा पीतल के व्यापार में आने वाली बाधाएं दूर होंगी तथा व्यापार में इच्छित लाभ की प्राप्ति होगी। ऋण संबंधी समस्याओं का समाधान होगा तथा घर में धनागमन होगा। व्यवसाय में परिवर्तन हो सकता हैं धन का व्यय मंगल कार्यों पर होगा तथा शुभ समाचारों की प्राप्ति होगी। सुंदर वस्त्र एवं आभूषणों की प्राप्ति होगी तथा परस्पर उपहारों का आदान-प्रदान होगा। किसी अत्यधिक प्रिय व्यक्ति की ओर से चल रही चिंताएं समाप्त होंगी तथा शीघ्र उससे मिलाप होगा।

### भैंस देखना

शारीरिक कष्टों से पीड़ित रहेंगे तथा स्वास्थ्य में निरन्तर गिरावट आएगी। यात्राएं स्थगित होंगी। कानूनी विवादों में फंसने की संभवाना है। अदालती कार्यों में हानि होगी तथा अदालती निर्णयों के फलस्वरूप कष्टों का सामना करना पड़ सकता है। प्रेम संबंधों में असफलता की प्राप्ति होगी तथा आर्थिक स्थिति प्रतिकूल रहेगी। आयात-निर्यात के क्षेत्र में आशानुकूल लाभ में कमी आएगीं। जमीन-जायदाद के संबंध में पड़ोसी से विवाद एवं मारपीट होने की संभावना है। शत्रु पक्ष निरन्तर अनिष्ट करने का प्रयास करेंगे तथा विरोधी हावी रहेंगें मानसिक परेशानियों तथा अशान्ति में समय व्यतीत होगा।

## प्रतिबंधित कफ सिरप की तस्करी रोकी, पिकअप से 8 हजार शीशियां जब्त

**बाराबंकी।** प्रतिबंधित कफ सिरप की भारी खेप ले जा रहे एक पिकअप से 8 हजार शीशियां बरामद की गई हैं। नशे के लिए इस्तेमाल किए जाने वाली इस दवा की कीमत करीब साढ़े दस लाख रुपये बताई गई है। शहर के गुलिस्तान-ए-शेर कॉलोनी में एक पिकअप वाहन अवैध दवाओं से भरी खड़ी थी। किसी ने इसकी सूचना उच्चाधिकारियों को दी। सूचना के बाद खाद्य सुरक्षा व औषधि प्रशासन (एफएसडीए) व पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची। पिकअप की तलाशी लेने पर 50 गत्तों में करीब 7992 शीशी ओमरेक्स टी सिरप जब्त की। जांच के दौरान पता चला कि खांसी की यह प्रतिबंधित दवा उन्नाव से सप्लाई की गई थी। जब्त की गई दवा असली है या मिलावटी और इनका प्रयोग कहां किया जाना था, इसकी जांच में टीम जुटी है। जांच के दौरान जिस पिकअप से सिरप बरामद किया, उसे उन्नाव निवासी चालक राजकुमार चला रहा था। चालक कार्रवाई टीम को देखते ही वाहन छोड़ कर मौके से भाग निकला। दवाओं की यह खेप उन्नाव से लोड़ कराई गई थी। औषधि निरीक्षक ने बरामद सिरप का सैंपल लेकर जांच के लिए लैब में भेज दिया और अज्ञात लोगों के खिलाफ पुलिस में केस दर्ज कर लिया गया है। औषधि निरीक्षक ने बताया कि ओमरेक्स टी सिरप का इस्तेमाल आमतौर पर खांसी के इलाज में होता है। प्रतिबंधित कफ सिरप की भारी खेप ले जा रहे एक पिकअप से 8 हजार शीशियां बरामद, इस सिरप की बिक्री सिर्फ डाक्टरी पर्चे के आधार पर ही करने के निर्देश हैं। ऐसे में लोग नशे के विकल्प के रूप में अवैध तौर पर कफ सिरप का इस्तेमाल करते हैं।



## ओसीडी उत्तर प्रदेश की मीटिंग नेपाल के लुंबिनी में आयोजित की गई



Aiocd की उत्तर मध्य क्षेत्र बैठक लुम्बनी नेपाल अखिल भारतीय अध्यक्ष श्री जे.एस. शिंदे, महासचिव श्री राजीव सिंघल, ओसीडीयूपी अध्यक्ष श्री दिवाकर सिंह, महासचिव श्री सुधीर अग्रवाल, केमिस्ट एंड डगिस्ट एसोसिएशन फर्रुखाबाद के अध्यक्ष रवि शंकर चौहान, महासचिव मनोज मिश्रा, शिवम रस्तोगी, सचिव मोहित चौहान।

**मनोज मिश्रा, mob. 9919247731**

## दीपक शर्मा को मैडिकल दर्पण ने दी बधाई



फार्मा ट्रेडर्स एसोसिएशन रामपुर के जिला अध्यक्ष 'दीपक शर्मा को ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट (OCDUP) उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद रीजन' (मुरादाबाद बिजनौर संभल अमरोहा रामपुर) का रीजन अध्यक्ष मनोनीत होने पर बहुत बहुत शुभ कामनाएं व हार्दिक बधाई।

## बैठक

ओसीडी उत्तर प्रदेश की मीटिंग 2 मई से लेकर 4 मई तक नेपाल में लुंबिनी में आयोजित हुई थी। जिसमें मेरठ के पदाधिकारी इंद्रपाल सिंह, राजेश सिंह, गगन गुप्ता तथा घनश्याम मित्तल उपस्थित रहे। उत्तर प्रदेश की मीटिंग में व्यापारियों को आने वाली समस्याओं के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा हुई। तथा उत्तर प्रदेश के संगठन काभी चुनाव हुआ। यह बताते हुए बड़ी प्रसन्नता हो रही है कि होलसेलर और रिटेलर केमिस्ट एसोसिएशन के महामंत्री श्री घनश्याम मित्तल को अपने क्षेत्र का भी महामंत्री उत्तर प्रदेश की संस्था द्वारा चुना गया। अब उनके क्षेत्र में आगरा, मेरठ और सहारनपुर मंडल रहेंगे। जिसमें करीब 13 जिले शामिल हैं अब हम और ताकत के साथ दवा व्यापारियों की समस्या का समाधान करसकेंगे। इसमें मेरठ के दवा व्यापारियों व पदाधिकारी का भी सहयोग रहा।

**राजेश अग्रवाल (कोषाध्यक्ष) होलसेलर एंड रिटेलर केमिस्ट एसोसिएशन, मेरठ**
**नीतिका अग्रवाल मो० न० 8979107461**

## सचिव चंद्रा एम्स गुवाहाटी की प्रगति से संतुष्ट

**गुवाहाटी:** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के सचिव अपूर्व चंद्रा ने एम्स गुवाहाटी का दौरा करने के बाद वहां चल रहे काम और पहलों पर संतोष जताया। उन्होंने एम्स गुवाहाटी की प्रगति की व्यापक समीक्षा की और भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे और सेवाओं को बढ़ाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। चंद्रा ने कहा, एम्स गुवाहाटी पूर्वोत्तर के स्वास्थ्य सेवा परिदृश्य को बदलने में बहुत बड़ी भूमिका निभाता है।

सरकार इस क्षेत्र के लोगों के लिए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा बढ़ाने के लिए समर्पित है। उन्होंने कार्यात्मक आईपीडी बेड और परिचालन सेवाओं की संख्या बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को मजबूत करने के लिए प्रौद्योगिकी और नवाचार का लाभ उठाने के महत्व पर भी जोर दिया,' चंद्रा ने संस्थान को आईआईटी गुवाहाटी जैसे तकनीकी संस्थानों के साथ सहयोग करने का सुझाव दिया। चंद्रा ने एम्स गुवाहाटी की पूरी क्षमता का एहसास करने के लिए सरकार, स्वास्थ्य संस्थानों और हितधारकों के बीच सहयोगी प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया। के कार्यकारी निदेशक प्रोफेसर अशोक पुराणिक ने गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा शिक्षा, रोगी देखभाल और अत्याधुनिक अनुसंधान के क्षेत्रों में संस्थान की प्रगति पर एक व्यापक प्रस्तुति दी। बैठक में संस्थान के संकाय सदस्यों, अधिकारियों, कर्मचारियों और छात्रों ने भाग लिया। चंद्रा ने संस्थान के अधिकारियों, स्वास्थ्य पेशेवरों और परियोजना प्रबंधकों (एचआईटीईएस और एनसीसी) सहित प्रमुख हितधारकों के साथ मिलकर चल रहे कार्यों और पहलों की स्थिति का आकलन किया और क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवा वितरण को बढ़ाने के लिए भविष्य की रणनीति तैयार की।

## केकेआर अपैक्स से 7000 करोड़ रुपये में हेल्थियम मेडटेक खरीदेगी

**नई दिल्ली:** केकेआर अपने मौजूदा पीई मालिकों अपैक्स पार्टनर्स से 7000 करोड़ रुपये (+ 840 मिलियन) उद्यम मूल्य पर हेल्थियम मेडटेक (पूर्व में स्यूचर इंडिया) का अधिग्रहण करने के लिए पूरी तरह तैयार है। एक कड़े मुकाबले के बाद जिसमें मैनकाइंड फार्मा का एक संघ भी शामिल था – क्रिसकैपिटल और नोवो होल्डिंग्स, डेनिश दवा प्रमुख नोवो नॉर्डिस्क के नियंत्रक शेयरधारक, लोगों ने कहा। केकेआर और अपैक्स ने बेंगलुरु स्थित हेल्थियम मेडटेक के अधिग्रहण के लिए बाध्यकारी समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं और औपचारिक घोषणा करने की संभावना है, ऊपर वर्णित लोगों ने कहा। हेल्थियम वैश्विक स्तर पर मात्रा के हिसाब से सर्जिकल सुइयों का सबसे बड़ा निर्माता है। मनीकंट्रोल सबसे पहले रिपोर्ट की थी कि केकेआर हेल्थियम के लिए सबसे अधिक बोली लगाने वाला था। सूत्रों ने बताया कि एक अन्य दावेदार मैनकाइंड-क्रिसकैपिटल ने 6500 करोड़ रुपये (780 मिलियन डॉलर) की कीमत की पेशकश की है। अपैक्स के पास कंपनी का 99.8 प्रतिशत हिस्सा है, जबकि शेष 0.2 प्रतिशत हेल्थियम मेडटेक के सीईओ और एमडी अनीश बाफना के पास है। हेल्थियम दुनिया की चौथी सबसे बड़ी सर्जिकल सिवनी निर्माता कंपनी है, जिसकी भारत में लगभग 18 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी है। बाफना केकेआर के तहत कंपनी चलाना जारी रखेंगे। संपर्क करने पर केकेआर के प्रवक्ता अपैक्स पार्टनर्स ने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। इससे पहले 2022 में हेल्थियम मेडटेक ने अपनी यूके स्थित सहायक कंपनी को अज्ञात राशि में केकेआर को बेच दिया था। इसने वॉटफोर्ड स्थित क्लिनसप्लाईज को केकेआर हेल्थ केयर स्ट्रैटेजिक ग्रोथ फंड II को बेच दिया था।

सुचर्स इंडिया की स्थापना मूल रूप से 1992 में बेंगलुरु में एलजी चंद्रशेखर और एस सुब्रमण्यम द्वारा की गई थी, जो स्मिथ एंड नेफ्यू और जॉनसन एंड जॉनसन के पूर्व अधिकारी थे। वित्त वर्ष 24 में, कंपनी ने 820 करोड़ रुपये का राजस्व और 256 करोड़ रुपये का एबिटा पोस्ट किया। इस वित्तीय वर्ष में, राजस्व 1,020 करोड़ रुपये तक पहुँचने की उम्मीद है, जबकि एबिटा लगभग 350 करोड़ रुपये है। तब यह लेन-देन चालू वित्त वर्ष 25 के मौजूदा एबिटडा गुणक के 20 गुना पर किया जा रहा है। जॉनसन एंड जॉनसन की एथिकॉन इंक वर्तमान बाजार की अग्रणी कंपनी है। वैश्विक सर्जिकल टांके बाजार में अर्थ्रेक्स इंक और कोविडियन होल्डिंग इंक कुछ अन्य खिलाड़ी हैं।

इस साल की शुरूआत में, अपैक्स ने निवेश बैंक जेफरीज को कंपनी के प्रस्तावित सौदे के लिए औपचारिक बिक्री प्रक्रिया शुरू की थी। पार्टनर्स ग्रुप, हिलहाउस, टीए एसोसिएट्स, कार्लाइल और कनाडाई पेंशन फंड सहित दो दर्जन फंडों ने गैर-प्रकटीकरण समझौतों पर हस्ताक्षर करने के बाद सूचना ज्ञापन उठाया था, अंततः केवल तीन ने बाध्यकारी बोलियां प्रस्तुत कीं पिछले कुछ वर्षों में, इनवसेन्ट के नेतृत्व वाली इंडिया लाइफ साइंसेज, सीएक्स पार्टनर्स और टीपीजी ग्रोथ सहित कई पीई निवेशकों ने कंपनी का समर्थन किया है जब तक कि टीपीजी ग्रोथ ने 73 प्रतिशत नियंत्रित हिस्सेदारी नहीं ले ली। 2018 में, अपैक्स पार्टनर्स ने टीपीजी ग्रोथ, सीएक्स पार्टनर्स और संस्थापक शेयरधारकों को लगभग 1,950 करोड़ रुपये (+ 300 मिलियन) में खरीद लिया दावा किया जाता है कि हेल्थियम उत्पादों ने 18,000 अस्पतालों में 40,000 से अधिक सर्जनों को कवर किया है। केकेआर अपने मौजूदा पीई मालिकों अपैक्स पार्टनर्स से 7000 करोड़ रुपये (+ 840 मिलियन) उद्यम मूल्य पर हेल्थियम मेडटेक (पूर्व में स्यूचर इंडिया) का अधिग्रहण करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

## नैप्रोड लाइफ साइंसेज ने पालघर सुविधा के लिए अपने ईयू-जीएमपी प्रमाणन के सफल नवीनीकरण की घोषणा की

**मुंबई:** नैप्रोड लाइफ साइंसेज (नैप्रोड) ने पालघर में अपनी विनिर्माण सुविधा के लिए यूरोपीय संघ के सामान विनिर्माण प्रथाओं (ईयू-जीएमपी) प्रमाणन के सफल नवीनीकरण की घोषणा की। दिसंबर 2023 में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी एंड न्यूट्रिशन (OGYEI), हंगरी द्वारा ऑडिट किया गया था । यह सुविधा ऑन्कोलॉजी, एनेस्थेटिक्स और अन्य थेरेपी सेगमेंट पर विशेष ध्यान देने के साथ कई तरह के फॉर्मूलेशन, लिक्विड और लियोफिलाइज्ड इंजेक्टेबल उत्पाद बनाती है। इस विकास पर बोलते हुए, नैप्रोड लाइफ साइंसेज के प्रबंध निदेशक मोहन जैन ने कहा, हम दुनिया भर में अपने ग्राहकों और रोगियों को गुणवत्तापूर्ण उत्पाद प्रदान करने और अनुपालन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। ईयू -जीएमपी प्रमाणन पालघर सुविधा की यूरोपीय संघ के गुणवत्ता मानकों के अनुसार लगातार और नियंत्रित उत्पादन सुनिश्चित करने की क्षमताओं को उजागर करता है। यह सुविधा ऑन्कोलॉजी, एनेस्थेटिक्स और अन्य थेरेपी सेगमेंट पर विशेष ध्यान देने के साथ कई तरह के फॉर्मूलेशन, लिक्विड और लाइओफिलाइज्ड इंजेक्टेबल उत्पाद बनाती है।

## मई एवं जून माह के व्रत एवं त्यौहार

| | |
|---|---|
| 23.05.2024 | बुद्धपूर्णिमा |
| 26.05.2024 | गणेश चतुर्थीव्रत |
| 31.05.2024 | तम्बाकू निषेध दिवस |
| 05.06.2024 | पर्यावरण दिवस |
| 09.06.2024 | महाराणा प्रताप जयंती |
| 11.06.2024 | बुढ़वा मंगल |
| 14.06.2024 | रक्तदानदिवस |
| 16.06.2024 | श्रीगंगादशहरा |
| 20.06.20224 | वर्षाऋतु प्रारम्भ |

## नये उत्पाद लॉंच

**TIMES DRUGS & PHARMACEUTICALS (P) LTD.** ने अपने नये उत्पाद लॉंच किए:

- **BECO-ZF** 30ml DROP B-Complex, Antil Ozident, Flaxseed Oil
- **CHLO-VS** Sofl Gel Capsules Clindamycin Phosphate 100 mg Clotrimazole 2000 mg
- **PILEGON** 25gms Cream Ayurvedic Cream
- **SENSTITH** Tooth Gel Potassium Nitrate 5.0% w/w Sodium Mono Fluorophosphate 0.70% w/w Triclosan 0.30% w/w
- **THROBERON** Injection 1 ml Diclofenac Sodium 75mg













PD PAPER MAY 2024_32 Inch January. 2021.qxd 5/20/2024 5:49 PM Page 14







## एली लिली का राष्ट्रव्यापी इंसुलिन मूल्य निर्धारण समझौता रद्द

**लंदन:** एली लिली और इसकी इंसुलिन दवाओं के खरीदारों के बीच एक समझौता, जो कीमतों को सीमित करता और कंपनी द्वारा दवाओं की कीमत बढ़ाए जाने के दावों को हल करने के लिए $13.5 मिलियन प्रदान करता, मामले की देखरेख करने वाले न्यायाधीश के प्रतिकूल फैसले के बाद टूट गया। लिली के हुमालॉग और अन्य इंसुलिन दवाओं के लिए भुगतान करने वाले व्यक्तियों के प्रस्तावित राष्ट्रव्यापी वर्ग के वकीलों ने नेवार्क, न्यूजर्सी, संघीय अदालत में एक फाइलिंग में कहा कि उन्होंने और लिली ने इस सौदे के लिए अनुमोदन की मांग नहीं करने का फैसला किया है, जिसे उन्होंने पहली बार पिछले मई में प्रस्तावित किया था। वकीलों में से एक, स्टीव बर्मन ने एक ईमेल में कहा कि सौदे को छोड़ने का निर्णय यूएस डिस्ट्रिक्ट जज ब्रायन मार्टिनोटी द्वारा फरवरी में मुकदमे में एक वर्ग को प्रमाणित करने से इनकार करने के बाद आया, फिर भी, बर्मन ने कहा कि फरवरी के निर्णय के कारण, जिसमें मार्टिनोटी ने पाया कि वर्ग-व्यापी मुद्दे व्यक्तिगत मुद्दों पर हावी नहीं थे, हमें कोई रास्ता नहीं दिखता कि हम किसी समझौते को वर्ग-अनुमोदित करवा सकें। बर्मन ने समझौते के खत्म होने को, जिसके तहत मरीजों की इंसुलिन की जेब से होने वाली लागत को चार साल के लिए 35 डॉलर प्रति माह तक सीमित कर दिया जाता, उपभोक्ताओं के लिए संभावित रूप से बड़ा नुकसान बताया।

लिली ने एक बयान में कहा कि वादी के दावों में दम नहीं है और वह अपना बचाव करना जारी रखेगी। लिली और अन्य कंपनियों को अभी भी राज्यों द्वारा मुकदमों का सामना करना पड़ रहा है, जिनमें से कुछ ने खरीदारों के साथ समझौते पर इस आधार पर आपत्ति जताई है कि यह उनके मुकदमों में हस्तक्षेप कर सकता है। कंपनी ने फरवरी में मिनेसोटा के साथ समझौता किया, एक मूल्य सीमा पर सहमति व्यक्त की और राज्य में क्लीनिकों को इंसुलिन दान करने के लिए कहा। मामलों में वादी आरोप लगाते हैं कि इंसुलिन दवा निर्माता अपने उत्पादों के लिए कृत्रिम रूप से उच्च सूची मूल्य निर्धारित करते हैं, जबकि स्वास्थ्य योजनाओं की ओर से दवा को कवर करने के बदले में फार्मेसी लाभ प्रबंधकों (पीबीएम) को छूट देते हैं। इंसुलिन टाइप 1 मधुमेह के रोगियों के लिए उनके रक्त शर्करा को नियंत्रित करने के लिए और अधिक सामान्य टाइप 2 मधुमेह के कुछ रोगियों के लिए महत्वपूर्ण है।




## फर्जीवाड़ा कर सर्टिफिकेट जारी करने पर फार्मेसी काउंसिल के पूर्व-रजिस्ट्रार पर केस दर्ज

**नई दिल्ली:** दिल्ली फार्मेसी काउंसिल के पूर्व-रजिस्ट्रार और फार्मासिस्ट कुलदीप सिंह के खिलाफ केस दर्ज किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। यह कार्रवाई एंटी करप्शन ब्रांच (एसीबी) ने की है। पूर्व-रजिस्ट्रार पर अपने कार्यकाल के दौरान तीन लोगों को फर्जी दस्तावेज के आधार पर रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट जारी करने का आरोप है। एसीबी ने यह कार्रवाई सेक्शन ऑफिसर अजय सचदेवा की शिकायत पर की। बतां दे काउंसिल पहले ही कुलदीप सिंह को सस्पेंड कर चुकी है।

**अगले अधिकारी को तीन महीने तक चार्ज नहीं सौंपा:** बताया गया है कि रजिस्ट्रार के दस्तावेजों और सत्यापन रिपोर्ट को निलंबन का आदेश जारी होने के बाद रजिस्ट्रार कार्यालय में ताले में बंद कर रखा था। उन्होंने तीन माह से अधिक समय तक अगले अधिकारी को चार्ज भी नहीं सौंपा।

**इनके सर्टिफिकेट मिले जाली :** जिन तीन अभ्यर्थियों के दस्तावेज जाली पाए गए हैं, उनमें मोहम्मद मुज्जसिम निवासी संभल, यूपी का सरकारी अस्पताल में ट्रेनिंग का सर्टिफिकेट जाली निकला। दूसरे अभ्यर्थी मदन दुबे का भी ट्रेनिंग सर्टिफिकेट फर्जी पाया गया था। वहीं, तीसरे अभ्यर्थी हीरा का बिहार बोर्ड ओपन स्कूलिंग का बारहवीं का सर्टिफिकेट भी जाली मिला। यह फर्जीवाड़ा वर्ष 2022-23 के दौरान हुआ बताया गया है।

**तीन अभ्यर्थियों को फार्मेसी में रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट जारी किए :** शिकायतकर्ता सेक्शन ऑफिसर काउंसिल अजय सचदेवा का आरोप है कि दिल्ली फार्मेसी काउंसिल के पूर्व रजिस्ट्रार व फार्मासिस्ट कुलदीप सिंह के निलंबन के बाद फाइलों की जांच की गई। इसके बाद इन तीन लोगों के रजिस्ट्रेशन में फर्जीवाड़े का मामला सामने आया। पूर्व रजिस्ट्रार ने तीन अभ्यर्थियों को फार्मेसी में रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट जारी किए थे। इन तीनों ने ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से फार्मासिस्ट के रूप में रजिस्ट्रेशन के लिए आवेदन किया था।




## नियामक ने दवा निर्यात के लिए एनओसी जारी करने की राज्य लाइसेंसधारकों की शक्ति रद्द

**नई दिल्ली:** भारत के औषधि नियामक ने निर्यात उद्देश्यों के लिए अस्वीकृत, प्रतिबंधित या नई दवाओं के निर्माण के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) जारी करने के लिए राज्य लाइसेंसिंग अधिकारियों को सौंपी गई शक्तियों को वापस ले लिया है। यह कदम कई देशों में घटिया भारतीय दवाओं के कारण स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं के मद्देनजर उठाया गया है। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) द्वारा जारी एक नोटिस में कहा गया है कि उद्योग 15 मई से ऑनलाइन मोड के माध्यम से क्षेत्रीय कार्यालयों से फिर से आवेदन कर सकता है। इसने उद्योग से निर्यात उद्देश्यों के लिए अस्वीकृत, स्वीकृत नई दवाओं और प्रतिबंधित दवाओं के निर्माण के लिए एनओसी के लिए नए सिरे से आवेदन करने को कहा। इसके अनुसार, राज्य/केंद्र शासित प्रदेश लाइसेंसिंग प्राधिकरण को सौंपी गई शक्ति 15 मई, 2024 से वापस ले ली जायेगी और ऐसे एनओसी सीडीएससीओ क्षेत्रीय कार्यालय के प्रमुख द्वारा दिए जाएंगे। नियामक ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के औषधि नियंत्रकों से 2 अगस्त, 2018 से 14 मई, 2024 तक जारी सभी एनओसी को सीडीएससीओ के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालयों को सौंपने को कहा। यह कदम कई घटनाओं की पृष्ठभूमि में उठाया गया है, गाम्बिया द्वारा आयातित कफ सिरप कथित रूप से डायथिलीन ग्लाइकॉल (डीईजी) और एथिलीन ग्लाइकॉल (ईजी) से दूषित पाए गए, जिसके परिणामस्वरूप बच्चों में तीव्र किडनी की चोट के मामले सामने आए। मार्च में यूनाइटेड स्टेट्स सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (सीडीसी) और गाम्बियन वैज्ञानिकों द्वारा की गई एक जांच ने में आयातित डीईजी या ईजी से दूषित दवाओं के कारण बच्चों में ये मामले सामने आए।

www.medicaldarpan.com




## प्रबंध निदेशक ने आरएमएससी के निर्माणाधीन भवन का किया निरीक्षण, निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ जल्द पूरा करने के दिए निर्देश

**जयपुर (कैलाश शर्मा) :** राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन लिमिटेड की प्रबंध निदेशक श्रीमती नेहा गिरि ने स्वास्थ्य भवन में निर्माणाधीन आरएमएससी के नये भवन में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों को गति देकर जल्द से जल्द पूरा किया जाए और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। श्रीमती गिरि ने निर्माणाधीन इस नए भवन के सभी ब्लॉक में जाकर निर्माण कार्यों को देखा। उन्होंने निर्देश दिए कि भवन के सभी कमरों में बिजली, पानी एवं इंटरनेट आदि की फिटिंग गुणवत्तापूर्ण हो। गर्भवती महिलाओं के लिए रेस्टरूम एवं क्रेच की व्यवस्था हो। भवन के पीछे गैलरी में ग्रीन कॉरिडोर बनाया जाए। प्रतीक्षालय में आगन्तुकों के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं हों। प्रबंध निदेशक ने भवन में महात्मा गांधीजी की प्रतिमा स्थापित करने, गार्डन एरिया विकसित करने, पुस्तकालय बनाने सहित आवश्यक सभी सुविधाएं विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भवन में फायर डिटेक्टर लगाए जाने के साथ ही हवा एवं रोशनी का पूरा ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि करीब 18 करोड़ रूपए की लागत से बनाए जा रहे इस भवन का निर्माण कार्य पूर्ण होने से आरएमएससी के कार्यों को और अधिक सुचारू ढंग से संचालित किया जा सकेगा और संबंधित सेवाओं का विस्तार किया जा सकेगा। साथ ही, चिकित्सा विभाग से जुड़ी अन्य सेवाओं के लिए भी यहां स्पेस उपलब्ध हो सकेगा। निरीक्षण के दौरान कार्यकारी निदेशक (लॉजिस्टिक) डॉ. कल्पना व्यास, विशेषाधिकारी श्री राजेन्द्र सिंह, अधीक्षण अभियंता श्री वीके जैन, अधिशाषी अभियंता श्री अनिल कुमार जैन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

**जीभ में एक भी हड्डी नहीं होती,
परन्तु कमाल की बात यह है कि ये आपकी सारी हड्डीयां तुड़वाने की ताकत रखती है.**






PD PAPER MAY 2024_32 Inch January. 2021.qxd 5/20/2024 5:50 PM Page 15



Leader of Animal Healthcare
Wanted Bussiness Associates All Over India, Nepal & Bhutan
More Than 250 Products
Contact Number: +91-93186-28899, +91-97367-01313
Puremed biotech
SCO No. 6, Genrater House, Opp. City Look Hotel, Sai Raod, Baddi-173205 (H.P.)
E-mail: puremedbiotech@gmail.com
Bolus | Injections | Oral Liquids | Creams | Soap
Feed Suppliment | Insecticide | Shampoo | Herbal Spray
Our Products Range

| | | |
|---|---|---|
| VIAL | BUTAMIN-12 VIAL | Butaphosphan-100mg + Cynocobalamin-50mcg |
| VIAL | HEATOPREG VIAL | Cloprostinol sodium -250 mg |
| VIAL | IVOMED-LA VIAL | Ivermectin -31.5 mg + Benzyl alcohol-3.0% v/v |
| VIAL | MEDICILLIN 48 VIAL | Benzathine Penitcillin 4,800,000 units |
| VIAL | MEGLU ACT VIAL | Flunixim Meglumine 50mg |
| VIAL | MEGAPURE 30ML VIAL | Ciprofloxacin - 40 mg/ml |
| VIAL | MOXIMED-C 4 GM VIAL | Amoxycillin Sodium--2 gm + Cloxacillin Sodium--2 gm |
| VIAL | PUREBECT CS 4.5 GM | Sterile Cefoperazone Sodium--3gm, Sterile Sulbactum Sodium--1.5gm |
| VIAL | RED~STOP VIAL | Monosemicarbazone--1mg |
| VIAL | REALVIT-H VIAL | Vit.A -250000 IU + Vit.D3 -25000 IU + Vit. E Acetate -100 IU + Biotin -12.5 mcg + Benzyl Alcohol-2%w/v |
| VIAL | SCABILON VIAL | Sulphur I.P.66 2mg+Benzyl Benzoate I.P 0.2gm+Lidocaine Base U.S.P 2%W/V |
| VIAL | STEPTOCILLIN -S/DS VIAL | Stepto Penicillin 2.5/5 gm |
| VIAL | X-SAFE VIAL | Ceftiofur Sodium 250/500/1000 mg |
| BOLUS | ALLERCORT BOLUS | Pheniramine Maleate 250mg. |
| BOLUS | CETRIVET BOLUS | Cetrizine Dihydrochloride--50mg |
| BOLUS | MEDINIM-SP BOLUS | Nimesulide 500mg + Paracetamol 1500mg + Serratiopeptidase 75mg |
| BOLUS | MOXIMED-S BOLUS | Amoxicillin Trihydrate--1250mg, Sulbactum Sodium--250mg |
| BOLUS | WORMILOK-150 TAB | Fenbendazole--150mg |
| LIQUID | PUREFLOX I.U. | Ofloxacin--50mg + Ornidazole--125mg + Urea--500mg |
| SPRAY | PAIN ACT SPRAY | Menthol 10.50% + Glycerine 19.00% + Nilgiri 2.50% + Terpentine Oil 10.00% + Propelant 100 % |
| SPRAY | FLYACT SPRAY | Turentine Oil 10.00w/w + Camphor Oil 15.00w/w + Neem Oil 10.00w/w + Nilgiri Oil/Eculyplus Oil 2.00w/w |
| SPRAY | OXYMED SPRAY | Gention Violet--0.3gm |
| SOAP SHAMPOO | BIOTIKK- OF HERBAL DOG SHAMPOO | Sles, Cocodi, Cocoditane, Azadiracha Indica, Triclosan, Neemoil, Aloevera, DM Water |
| SOAP SHAMPOO | BIOTIKK-OF DOG SOAP | Aloes--0.5%w/w + Permethrin--1% w/w + Coatar--0.5%w/w |
| SOAP SHAMPOO | GERMITICK VET SOAP | Permethrin--5.0% w/w + Cetrimide I.P.--1.0% w/w + Aloe vera--1.0% w/w |

Visit at..... www.puremedbiotech.in

Contact us for Franchise or PCD Marketing Rights
Haldi Milk Powder
एक प्राचीन आयुर्वेद परम्परा
हल्दी वाला दूध
(केसर पिस्ता के अनोखे स्वाद में)
शरीर की प्रतिरोधक क्षमता (Immunity) बढ़ाये।
पाचन बनाए दुरुस्त।
डायबिटीज रखें कन्ट्रोल।
कैंसर से बचाव।
खून रखे साफ।
दिमाग बनाए स्वस्थ।
शरीर की सूजन करें कम।
बढ़ती उम्र थाम ले।
शरीर को डिटाक्स करने में मददगार।
इतने सारे लाभ एक साथ ...फिर और क्या चाहिए
A Product from: NATURE CARE LIFESCIENCES (A Pioneer in Herbal Medicine) (A Unit of Ayur Rachna Research Foundation)

A Welcome Opportunity For the PHARMA PROFESSIONALS
Renova nutrition
Valuing Life through innovations
Franchisee/PCD for unrepresented Area
Third Party Manufacturing
Monopoly Business Rights
In Quality & State of Art Sections of
Liquid | Tablets | Syrups | Drops
Capsules | Protein Powder | Sachets
Interested Parties for Franchise / PCD may also Contact:
Renova nutrition
1781 M.I.E Part B Bahadurgarh 124507 Haryana
9810102023, 9810010540
renovanutrition71@gmail.com
www.renovanutrition.com | www.velltree.com

## नशीले इंजेक्शन बेचने पर पहलवान और खरीददार अरेस्ट, 3500 इंजेक्शन बरामद

**पानीपत:** नशीले इंजेक्शन बेचने के आरोप में पहलवान और खरीददार दोनों को गिरफ्तार किया गया है। एंटी नारकोटिक्स सेल ने गांजबड़ गांव निवासी पहलवान राजपाल से नशे के 3500 इंजेक्शन बरामद किए हैं। खिलाडियों को प्रतिबंधित नशीले इंजेक्शन बेचने के मामले का खुलासा हुआ है। आरोपी खुद भी पहलवानी करता है। वह स्टेडियम व अन्य स्थानों पर खिलाडियों को नशे के इंजेक्शन सप्लाई करता था। पता चला है कि खिलाड़ी उसके घर से भी नशे के इंजेक्शन खरीदकर ले जाते थे।

जिला पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सेल ने गांजबड़ गांव निवासी पहलवान राजपाल से नशे के 3500 इंजेक्शन बरामद किए हैं। बताया गया है कि आरोपी ने इनको घर में तूड़ी में छुपा रखा था। आरोपी की निशानदही पर एक खरीदार को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस ने खरीदार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है, जबकि आरोपी पहलवान को तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी दो साल से नशे के इंजेक्शन बेचने के धंधे से जुड़ा था। एंटी नारकोटिक्स सेल इंचार्ज सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि उनकी टीम टोल प्लाजा के पास मौजूद थी। उनको गुप्त सूचना मिली कि गांजबड़ गांव निवासी राजपाल अपने घर पर नशीले प्रतिबंधित इंजेक्शन बेच रहा है। पुलिस टीम ने ड्यूटी मजिस्ट्रेट तहसीलदार पानीपत वीरेंद्र गिल को साथ लेकर मौके पर दबिश दी। आरोपी पुलिस टीम को देखकर भागने लगा। टीम ने उसको दबोचकर उसके घर की तलाशी ली। यहां तूड़ी के कमरे से नशीले प्रतिबंधित इंजेक्शन की खेप बरामद हुई। इनमें 500 बुप्रेनॉफिन, 1400 पेंटाजोसाइन ओजैटसेल, 1600 पेंटाजोसाइन पेफ्लिन नशीले प्रतिबंधित इंजेक्शन पाए गए। आरोपी ने पुलिस पूछताछ में बताया कि वह करीब दो साल से नशे के प्रतिबंधित इंजेक्शन बेच रहा है। वह करहंस गांव निवासी दुष्यंत से 70 रुपये प्रति इंजेक्शन के हिसाब से खरीद कर लाता था।

उसी गांव का युद्धवीर उससे 120 रुपये प्रति इंजेक्शन के हिसाब से खरीद ले जाता है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर युद्धवीर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से सात नशीले प्रतिबंधित इंजेक्शन बरामद किए। आरोपी युद्धवीर ने पूछताछ में पुलिस को बताया वह खुद इंजेक्शन लगाने का आदी है। आरोपियों के खिलाफ थाना सदर में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। जिला पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सेल ने गांजबड़ गांव निवासी पहलवान राजपाल से नशे के 3500 इंजेक्शन बरामद किए हैं। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया, जहां से आरोपी युद्धवीर को न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया। नशीले इंजेक्शन बेचने के आरोप में पहलवान और खरीददार दोनों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी राजपाल को तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है।

SURYAVEDA COSMECEUTICALS PVT. LTD.
Third Party COSMETIC Manufacturer
In-House Research and Development
In-House Laboratory Testing
Skin Care | Hair Care | Personal Care
FACE WASH, FACE SCRUB, FACE PACK, FACE CREAM, FACE SERUM, FACE MASSAGE GEL, FACE TONER, MOISTURISER, SUNSCREEN, FACIAL KITS, BLEACH CREAM, HAIR REMOVAL CREAM, HAIR OIL, GLYCERIN SOAPS, BODY WASH
BODY MASSAGE OIL, HAIR SERUM, EYE CARE PRODUCTS, HAND & FOOT CARE PRODUCTS, LIP CARE PRODUCTS, HAIR SHAMPOO, HAIR CONDITIONER, HAIR STYLING GEL, PERSONAL HYGIENE PRODUCTS, DERMA COSMETICS, HAND HYGIENE PRODUCTS, SHAVING & BEARD CARE PRODUCTS
Customised Product
Packaging Designs
Mr. Ashok Kumar Jha, Director, M.Sc., MBA, BAMS, Technical Experience: 27 years. Previously worked as a Technical Officer in the MINISTRY OF WELFARE, India
CONTACT US FOR INQUIRES RELATED WITH IT
+91- 8287145039 | 9667097234 | 9897978626
www.suryavedacosmetics.com | www.suryavedacosmeceuticals.in

## भारत ने ऑस्ट्रेलिया में दवा मूल्य नियंत्रण का मुद्दा उठाया

**नई दिल्ली:** भारत ने हाल ही में दोनों देशों के अधिकारियों के बीच द्विपक्षीय बैठक के दौरान ऑस्ट्रेलिया में फार्मास्यूटिकल मूल्य नियंत्रण, विशेष रूप से जेनेरिक दवाओं का मुद्दा उठाया है। वाणिज्य मंत्रालय ने दोनों पक्षों ने बाजार पहुंच के मुद्दों के समय पर समाधान, लोगों से लोगों के बीच संपर्क को गहरा करने और तरजीही आयात डेटा साझा करने के लिए एक संस्थागत तंत्र बनाने पर मिलकर काम करने का फैसला किया है। 2023-24 में देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार 7.7 प्रतिशत घटकर 24 बिलियन अमरीकी डॉलर रह गया, जबकि 2022-23 में यह 26 बिलियन अमरीकी डॉलर था। भारत-ऑस्ट्रेलिया आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौते (इंड-ऑस ईसीटीए) के तहत कैनबरा में पहली संयुक्त समिति की बैठक (जेसीएम) के दौरान अन्य मुद्दों के अलावा इन मुद्दों पर चर्चा की गई । मंत्रालय ने कहा, दोनों पक्षों ने ECTA के सुचारू कार्यान्वयन को स्वीकार करते हुए, जैविक उत्पादों पर MRA (पारस्परिक मान्यता समझौते), भिंडी, अनार, अंगूर, पनीर जैसे उत्पादों से संबंधित बाजार पहुंच के मुद्दों सहित ECTA कार्यान्वयन के मुद्दों पर संक्षेप में विस्तार से बताया ऑस्ट्रेलिया में विशेष रूप से जेनेरिक पर दवा मूल्य नियंत्रण, व्हिस्की और वाइन पर कार्य समूह द्वारा की गई प्रगति। मंत्रालय ने कहा कि इसका उद्देश्य नियामक चुनौतियों का समाधान करना और इन उत्पादों के व्यापार को बढ़ावा देना था, भारत में झींगा और झींगा के लिए रोग मुक्त क्षेत्रों की स्थापना पर भी चर्चा की गई। इसमें कहा गया है कि जेसीएम बैठक में कुछ महत्वपूर्ण सेवा मुद्दों पर विचार किया गया, जिसमें नर्सिंग और दंत चिकित्सा जैसे व्यवसायों में सीमा पार ई-भुगतान और एमआरए की सुविधा के लिए भारत के अनुरोध पर विचार करना शामिल है। भारत-ऑस्ट्रेलिया सीईसीए (व्यापक आर्थिक सहयोग समझौता) वार्ता के तहत डीएफएटी से अतिरिक्त सचिव राजेश अग्रवाल और सहायक सचिव रवि केवलराम के बीच मुख्य वार्ताकार स्तर पर भी चर्चा हुई, जिसमें नौ दौर के बाद हुई प्रगति की समीक्षा की गई और संतुलित परिणाम पर पहुंचने के उद्देश्य से इसके पूरा होने के लिए आगे का रास्ता तय किया गया। ऑस्ट्रेलिया ओशिनिया क्षेत्र में भारत का एक महत्वपूर्ण व्यापारिक साझेदार है, भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच व्यापारिक व्यापार 2023-24 में लगभग 24 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया है, जो आगे विकास की महत्वपूर्ण क्षमता का संकेत देता है। यह बैठक व्यापार संबंधों को और मजबूत करने तथा व्यापार सुविधा, निवेश संवर्धन जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय आर्थिक सहयोग के लिए नए अवसरों का पता लगाने के साथ-साथ प्रौद्योगिकी के लिए समर्थन सहित अन्य क्षेत्रों में सहयोग के लिए एक मंच के रूप में कार्य करती है।

A WHO - GMP, ISO 9001:2015 Certified Professionally Managed Pharmaceutical Mfg. Group
P2P Brand Producer for more than 85 Companies in PAN INDIA
Available CDSCO Approved Latest Molecules
Own Marketing of over 350 Formulations
Global Supply Through Direct Export & Merchant Export
COPP/Dossier Available
Recognised House for Quality Products
Timely Supplies & Customer Satisfaction
Dallas Pharma Group Celebrating 25th Silver Jubilee Year
Invites P2P Marketers, Professionals, Brand Promoters, Export Enquiries
Dallas Formulations Pvt. Ltd. | Dallas Drugs Pvt. Ltd.
25 Years of Excellence in Healthcare
Mfg. Plant: 144 & 156, DIC, Indl. Area, Baddi-173205 (Himachal Pradesh) INDIA
Phone: 0172-4641318, 92168-81326
Email: dallaspharmaceuticals@yahoo.com & business.dallaspharma.com
Visit us at: www.dallaspharma.com & www.dallasdrugs.org

PCD Pharma Franchise Business Opportunities
Contact us: +91 8629001801, Email: epsilonbiotech@gmail.com
NEAR SENIOR SECONDARY SCHOOL, MOGINAND,KALA-AMB, NAHAN SIRMOUR,HIMACHAL PRADESH PIN-173030
BioSoft Lifesciences Pvt. Ltd. — Contact us: +91 8580941809, Mr. Dalip Singh
Epsilon Biotech — Contact us: +91 8580941815, MR. Ashwani
BioSun Discovery — Contact us: +91 9317012602, Miss. Sakshi Thakur
Milestone Nutritions — Contact us: +91 8580941805, Mr. Balinder
Lee'France Derma — Contact us: +91 8580941811, Miss. Swatika Kalche
Aloria Naturals — Contact us: +91 8580941802, Mrs.Bharti Tomar
Dmax Healthcare — Contact us: +91 85809 41810, Mrs. Rekha Chauhan
Amritya Herbals — Contact us: +91 8580941819, Mrs. Nirmal Thakur
Junior Care — Contact us: +91 8580941803, Mrs. Lavika Chaudhary
La' Glen Derma, A Division of Epsilon Biotech — Contact us: +91 8580941817, Miss. Yukti Chauhan
Alvic Cure — Contact us: +91 8580941804, Miss. Sweety Kumari
Ved Sindari — Contact us: +9186290 01804, Mrs. Monika Shrma
All the products are of WHO,GMP Certified Manufacturing Units
All Products are Trademark Registered
Softgel Capsules | Tablets | Hardgel Capsules | Sachets
Protein Powder | Liquids | Derma & Cosmetics

## प्रतिबंधित दवा की तस्करी के आरोपी को 10 साल कैद

**सिरसा (हरियाणा):** प्रतिबंधित दवा की तस्करी में गिरफ्तार आरोपी को 10 साल कैद और एक लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई गई है। जुर्माना न भरने पर एक साल अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। डबवाली सीआईए पुलिस एक जनवरी 2020 को क्षेत्र में गश्त पर थी। इसी दौरान गांव मांगेआना के पास पुलिस ने शक के आधार पर एक युवक को रोका। तलाशी लेने पर उसके पास थैले में से प्रतिबंधित दवा की 2,200 गोलियां बरामद हुईं। पता चला कि इनका गोलियों का इस्तेमाल नशा करने के लिए होता है। पूछताछ करने पर आरोपी की पहचान जिले के गांव देसूजोधा निवासी गुरदास सिंह के रूप में हुई। पुलिस ने गुरदास सिंह को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। न्यायाधीश डॉ. अशोक कुमार ने आरोपी गुरदास सिंह को दोषी करार देकर 10 साल कैद और एक लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई गई है।










## फॉर्मेसी की फर्जी डिग्री बनवाने वाले गिरोह का भंडाफोड़, 2 अरेस्ट

**लखनऊः** फॉर्मेसी की फर्जी डिग्री बनवाने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया गया है। एसटीएफ यूपी ने इस गिरोह के दो सदस्यों को थाना गाजीपुर क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। पता चला कि आरोपी युवक फर्जी दस्तावेज तैयार कर देश-विदेश के कॉलेजों में एमबीबीएस सहित मेडिकल के विभिन्न कोर्सो में दाखिला दिलाने तथा अवैध मेडिकल स्टोर एवं झोलाछाप क्लीनिक खुलवाने के नाम पर मोटी रकम वसूलते थे। गिरफ्तार आरोपी का नाम सचिन मणि त्रिपाठी पुत्र रमेश तिवारी और शिवानंद वर्मा पुत्र रामबरन वर्मा है। दोनों के कब्जे से 138 कूटरचित मार्कसीट , सर्टिफिकेट व डिग्री, एक लैपटॉप, तीन मोबाइल फोन, दो निर्वाचन कार्ड, दो आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, चार पैन कार्ड, तीन डेबिट कार्ड, एक कैंसिल्ड चेक, दो पीला लिफाफा जिसमें 54 कूटरचित मार्कसीट, सर्टिफिकेट व डिग्री, एक काले रंग का स्मार्ट वाच, एक चार पहिया वाहन क्रेटा कार के अलावा 22 सौ रुपये नकद बरामद किए हैं। गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि उनका एक गिरोह है, जो मेडिकल स्टोर एवं झोलाछाप क्लीनिक खुलवाने एवं डी-फार्मा, बी-फार्मा एवं एकेडमिक मार्कशीट व सर्टिफिकेट बनाकर धोखाधड़ी कर देश-विदेश के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस सहित मेडिकल के विभिन्न कोर्सों में दाखिला दिलाने के नाम पैसा वसूलने का कार्य करता है। इस काम में पीसीआई के कुछ कर्मचारी सहित अन्य कई लोग शामिल हैं। हरिशंकर निवासी बरेली द्वारा बी-फार्मा व डी-फार्मा फर्जी की मार्कशीट व सर्टिफिकेट बनवाकर पीसीआई के कर्मचारियों की मिलीभगत से उसका सत्यापन कराकर लाइसेंस बनवाया जाता है। इसके लिए जरूरतमन्द लोगों से इनके द्वारा पांच लाख रुपए लिए जाते हैं, जिसमें से लाख रुपए हरिशंकर लेता है। गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध थाना गाजीपुर में मुकदमा दर्ज करवा दिया गया है।

## केरल के सरकारी अस्पताल में सर्जरी में एक और गड़बड़ी

**कोझिकोडः** यहां के सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चिकित्सा लापरवाही के आरोप लगातार जारी हैं । रविवार को एक व्यक्ति ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि दूसरे मरीज के लिए बनाया गया इम्प्लांट उसके टूटे हाथ में गलत तरीके से लगा दिया गया। ताजा आरोप चार साल की बच्ची की छठी उंगली निकालने के बजाय उसकी जीभ का ऑपरेशन करने के आरोप में एक डॉक्टर को निलंबित किए जाने के कुछ ही दिनों बाद सामने आए हैं। मेडिकल कॉलेज पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने कहा कि मेडिकल कॉलेज अस्पताल में हुई कथित गड़बड़ी को लेकर एफआईआर दर्ज की जा रही है। अधिकारी ने पीटीआई को बताया, उस व्यक्ति ने अपनी सर्जरी को लेकर कुछ संदेह जताया है। शिकायत में किए गए दावे की पुष्टि के लिए विस्तृत जांच की आवश्यकता है।

## नवजात की मौत के बाद हॉस्पिटल का लाइसेंस कैंसिल, फर्जी डॉक्टर फरार

**रायबरेलीः** नवजात की मौत के बाद हरचंदपुर के उपमा सरजूरानी पाली हॉस्पिटल का लाइसेंस कैंसिल कर दिया गया है। वहीं, अस्पताल का संचालक फर्जी डॉक्टर फरार हो गया है। पुलिस टीम उसकी तलाश कर रही है। टेक्नीशियन ने प्रसूता को बेहोशी की दवा दी थी और उसी ने सिजेरियन प्रसव भी कर दिया था। इसके बाद नवजात की मौत हो गई थी। अस्पताल को बंद कर दिया गया है। मामले में संचालक के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज है। हरचंदपुर गांव निवासी आनंद मोहन श्रीवास्तव की पत्नी विशाखा (25) का बीते माह उपमा सरजूरानी पॉली क्लीनिक हरचंदपुर में सिजेरियन प्रसव किया गया था। प्रसव के बाद नवजात की मौत हो गई थी। मामले की जांच में सामने आया कि अस्पताल के संचालक नीरज श्रीवास्तव व उसकी पत्नी प्रियांशी ने डॉक्टर बनकर प्रसूता का ऑपरेशन किया था। इसके बाद हुए बवाल के चलते अस्पताल संचालक के खिलाफ हरचंदपुर थाने में केस दर्ज कराया गया था। एसीएमओ डॉ. अरविंद कुमार की टीम ने जांच के बाद अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं को प्रतिबंधित कर दिया था। अब उसके लाइसेंस को कैंसिल कर अस्पताल को बंद करने के आदेश दिए गए हैं।

## ठाणे में नकली दवाइयां बांटने के आरोप में दो फार्मा एजेंसियों के खिलाफ मामला दर्ज

**ठाणेः** महाराष्ट्र के ठाणे शहर के अस्पतालों में कथित तौर पर नकली दवाइयाँ वितरित करने के आरोप में दो दवा एजेंसियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है , पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। खाद्य एवं औषधि प्रशासन ( एफडीए ) द्वारा दर्ज की गई शिकायत के आधार पर, भारतीय दंड संहिता और औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 की धारा 420 (धोखाधड़ी), 468 (जालसाजी), 273 (हानिकारक खाद्य या पेय की बिक्री) और अन्य प्रासंगिक प्रावधानों के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि शिकायत के अनुसार, एफडीए अधिकारियों ने 11 दिसंबर, 2023 को ठाणे के सरकारी अस्पताल में दवाओं का निरीक्षण किया और पाया कि कुछ दवाएं नकली थीं। अधिकारी ने बताया कि दोनों एजेंसियों ने कथित तौर पर ठाणे सिविल अस्पताल और अन्य अस्पतालों को नकली दवाएं बेचीं और इन दवाओं की आपूर्ति देश के विभिन्न हिस्सों में की।








## सार्वदेशिक आर्य वीरांगना दल का शिविर हरियाणा में

सार्वदेशिक आर्य वीरांगना दल का वार्षिक राष्ट्रीय शिविर 2024 इस बार हरियाणा में दिनांक 8 जून से 16 जून 2024 तक राजकीय कन्या विद्यालय, ग्राम पोस्ट गांधरा, तहसील सांपला, जिला रोहतक (हरियाणा) (मोबाईल नं० 91-8700541461) में आयोजित किया जा रहा है।

इसमें भाग लेने के लिए 13 वर्ष से अधिक आयु की आर्य वीरांगनाएं 26 मई 2024 तक अपने नाम निम्नलिखित नंबरों पर दें, ताकि व्यवस्था सुचारू रूप से हो सके।

**वीरांगना दल मे शामिल होने के लिए इन नंबरो पर करें संपर्क**

साध्वी डॉ उत्तमा यति
प्रधान संचालिका
8750482498
मुदुला चौहान
संचालिका
9810702760
आरती खुराना
सचिव
9910234595
नीरज कुमारी
कोषाध्यक्ष
8920208536




नीरू गर्ग स्वामी की ओर से ब्रजेश कुमार गर्ग द्वारा प्रकाशित, ब्रजेश कुमार गर्ग द्वारा मुद्रित तथा इम्प्रेशंस प्रिंटिंग एण्ड पैकिंग लिमिटिड नोएडा, गौतम बुद्ध नगर में मुद्रित एवं के० पी० रोड, बुलन्दशहर से प्रकाशित, सम्पादक - ब्रजेश कुमार गर्ग